प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

000000

अंतर्राष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की आज से इंदौर में शुरूआत हुई। इस सम्मेलन में 21 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल हैं, जिनमें ब्राजील, इंडोनेशिया, चीन, ईरान, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। आज के सत्रों में खाद्य सुरक्षा, जलवायु–अनुकूल खेती और कृषि नवाचार पर चर्चा से टिकाऊ कृषि–खाद्य प्रणालियों के निर्माण में मदद मिलेगी। ये विषय छोटे किसानों के सशक्तिकरण और वैश्विक कृषि व्यापार को मजबूत करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। कृषि मंत्रियों के बीच एक विशेष संवाद 12 जून को आयोजित किया जाएगा। इसमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं के माध्यम से खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। ब्रिक्स देशों की मंत्रिस्तरीय बैठक 13 जून को होगी।

00000

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज से राष्ट्रव्यापी समारोह शुरू होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा इनकी शुरूआत करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित गर्भावस्था और मातृत्व को सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2016 को इस योजना की शुरुआत की थी, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण प्रसव–पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। समारोह के दौरान श्री नड्डा 75 रुपये का स्मारक सिक्का और 5 रुपये का डाक टिकट भी जारी करेंगे। इस बीच प्रदेश में भी आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम रखे गए है।

विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों में महिलाओं के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाए गए हैं। साथ ही स्त्री और प्रसूती रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने कहा कि एक सौ चालीस करोड नागरिकों के आशीर्वाद और राष्ट्रप्रथम की भावना से प्रेरित होकर सरकार विश्वास, विकास और जन कल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन अथक प्रयासों के फलस्वरूप आज देश ने बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक वैश्विक मंच पर एक नई पहचान हासिल की है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत के अपने संकल्प को साकार करने के लिए सरकार सेवा, सुशासन और समृद्धि के इस पथ पर लगातार आगे बढ़ती रहेगी।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा डीग जिले के प्रवास पर है। उन्होंने आज डीग स्थित श्रीनाथ जी मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। श्री शर्मा कल डीग पंहुचे थे। उनके साथ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद है।

00000

राज्य के पश्चिमी इलाकों में तापमान में बढोतरी से गर्मी का असर बढ गया है। दिन के समय सूरज की तपिश और गर्म हवायें जनजीवन को प्रभावित कर रही है। ज्यादातर स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस पास बना हुआ है। राजधानी जयपुर, कोटा, चित्तौडगढ, जालोर, सीकर, झुंझुनूं में पारा 40 डिग्री पर रिकॉर्ड हुआ। कल 45 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस के साथ श्रीगंगानगर में सबसे गर्म दिन रहा। वहीं फलोदी में 44 दशमलव 8, जैसलमेर और बीकानेर में 44–44, चूरू में 43 दशमलव 5 और बाडमेर मे 42 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के ज्यादातर इलाकों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढोतरी होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं आज कोटा और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं बरसात हो सकती है।

00000

राज्य के सरकारी स्कूलों में अब गर्मी की छुट्टियां 28 जून तक रहेंगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार ग्रीष्मावकाश की अवधि बढ़ाकर 43 दिन कर दी गई है। पहले ये 17 मई से 20 जून

तक 35 दिनों की थी। आदेश के अनुसार संस्था प्रधान की ओर से एक अवकाश के स्थान पर अब दो दिन की छुट्टी दी जा सकेगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000